**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**

महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सारांश- जून, 2022

1. **माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**: **अनुलग्नक-I** में दी गई हैं।

2. **व्यापक अंतर मंत्रालयी विचार-विमर्श विलंब आदि के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत /मामले आदि**: शून्य।

3. **मंत्रालय में तीन महीने से अधिक समय से लंबित "अभियोजन के लिए स्वीकृति" के मामले**: शून्य।

4. **ऐसे मामलों का विवरण जिसमें सरकार के कार्य व्यवहार या स्थापित नीति में छूट दी गयी है**: शून्य

5. **चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति):** परिसर की सामान्य सफाई।

6. **स्वायत्त निकायों के पुनर्गठन की स्थिति:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा इस मंत्रालय के स्वायत्त संस्थानों के निदेशकों के साथ आंतरिक रूप से विचारविमर्श किया गया तथा सभी 5 स्वायत्त संस्थानों को एक सोसायटी के तहत विलय करने का नया प्रस्ताव किया गया। सभी मौजूद स्वायत्त संस्थान एक सोसायटी के तहत कार्य करेंगे। मंत्रिमंडल नोट का अंतिम प्रारूप मंत्रिमंडल के अनुमोदन हेतु भेज दिया गया है।

7. **प्रशासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए किए गए विशिष्ट उपायों के संबंध में सूचना:** समुद्र की सतह का तापमान और क्लोरोफिल जैसे उपग्रह से प्राप्त किए गए मापदंडों का उपयोग करके मछली पकड़ने के संभावित क्षेत्र की परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं। इसके अलावा, अल्पावधि और मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए ग्लोबल सैटेलाइट के डेटा का सतत रूप से उपयोग किया जाता है।

8. **स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति की स्थिति:** इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रालय/विभाग और उसके संगठनों के मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के दायरे में आने वाले सभी पदों का ब्यौरा एवीएमएस पर अद्यतन किया गया है और इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

9. **ऐसे मामलों की सूची जिनमें मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है**: इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

10. **माह के दौरान पास कर दिए गए एफडीआई प्रस्तावों का विवरण तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति** : लागू नहीं।

*******

**लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

- सतत विकास लक्ष्य 14: सतत विकास के लिए महासागरों, समुद्रों और समुद्री संसाधनों का संरक्षण और सतत उपयोग के कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिए तथा दूसरे संयुक्त राष्ट्र समुद्र सम्मेलन में भाग लेने के लिए पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक अंतर-मंत्रालयी प्रतिनिधिमंडल, जिसमें सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, संयुक्त सचिव, यूएनईएस, संयुक्त सचिव मत्स्यन, निदेशक, एनसीसीआर और कार्यक्रम निदेशक, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय शामिल थे, ने दिनांक 27 जून से 1 जुलाई, 2022 तक लिस्बन, पुर्तगाल का दौरा किया। सम्मेलन की मेजबानी पुर्तगाल और केन्या की सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। सम्मेलन का व्यापक विषय था - "लक्ष्य 14 के कार्यान्वयन के लिए विज्ञान और नवाचार पर आधारित समुद्री कार्रवाई को बढ़ाना: स्टॉकटेकिंग, साझेदारी और समाधान"।
- पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ जितेंद्र सिंह ने 21 जून, 2022 को उधमपुर, जम्मू और कश्मीर में एक भूकंपीय वेधशाला का उद्घाटन किया।
- पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ जितेंद्र सिंह ने डॉ एम रविचंद्रन, सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के साथ 23 जून, 2022 को एनसीएमआरडब्ल्यूएफ का दौरा किया।
- सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें निदेशक, इंकॉइस और कार्यक्रम निदेशक, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय शामिल थे, ने आईओसी कार्यकारी परिषद के 55 वें सत्र, अंतर-सत्रीय वित्तीय सलाहकार समूह और आईओसी अधिकारियों की बैठक (13 जून - 17 जून) 2022 तथा संयुक्त राष्ट्र समुद्र दशक सुनामी कार्यक्रम वैज्ञानिक समिति और तैयारी बैठक (20 जून - 23 वीं 2022) में भाग लेने के लिए यूनेस्को मुख्यालय, पेरिस, फ्रांस का दौरा किया। आईओसी-यूनेस्को की बैठक से पहले समुद्र आाधारित अर्थवयवस्था और समुद्र प्रशासन संबंधी भारत-फ्रांस रोडमैप के संबंध में सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा महासागरों और ध्रुवों के लिए फ्रांसीसी राजदूत के बीच एक द्विपक्षीय बैठक हुई थी।
- डॉ. एस. राजन, पूर्व निदेशक, एनसीपीओआर को कमीशन ऑन लिमिट्स ऑफ दी कॉन्टिनेंटल शेल्फ (सीएलसीएस), संयुक्त राष्ट्र का सदस्य चुना गया।
- डॉ. मृत्युंजय महापात्र, महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग को पुरी, उड़ीसा में 20वें लोक मेले और 13वें कृषि मेला-2022 के दौरान चक्रवात चेतावनी सेवाओं में महत्वपूर्ण बदलाव लाने तथा स्वैच्छिक सेवा संगठन श्री श्रीक्षेत्र सूचना, पुरी के माध्यम से समाज में उनके प्रशंसनीय योगदान के लिए श्री क्षेत्र सम्मान-2022 से सम्मानित किया गया। ।
- सतत विकास के लिए समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था संबंधी भारत-नॉर्वे कार्य बल की 5वीं बैठक 23 जून, 2022 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में आयोजित की गई थी।
- इंकॉइस को 22 जून, 2022 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित WCDM पुरस्कार समारोह कार्यक्रम में ''वर्ल्ड कांग्रेस ऑन डिजास्टर मेंनेजमेंट-डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एक्सीलेंस अवार्ड-2021' प्रदान किया गया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग को 22 जून, 2022 को मौसम पूर्वानुमान तथा चक्रवातों और चरम मौसम घटनाओं के लिए पूर्व चेतावनी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए ''वर्ल्ड कांग्रेस डिजास्टर मेंनेजमेंट-डिजास्टर रिस्क रिडक्शन अवार्ड-2021' प्रदान किया गया।
- अनुसंधान एवं विकास, प्रशिक्षण गतिविधियों और सामुदायिक जागरूकता के लिए इंकॉइस और अमृता विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- आईआईटीएम और अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के बीच क) हवा की गति के पूर्वानुमान, पवन ऊर्जा पूर्वानुमान, सौर उपलब्धता पूर्वानुमान, वर्षा पूर्वानुमान की सटीकता को बढ़ाने के लिए; ख) मौसम अनुसंधान और पूर्वानुमान (डब्ल्यूआरएफ) मेसोस्कोप मॉडल स्थापित करने; ग) वायुमंडलीय मॉडलिंग और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग के लिए एक मंच तैयार करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- मौसम और जलवायु पर अनुसंधान और अनुप्रयोग सहयोग के लिए एनसीएमआरडब्ल्यूएफ और नेवल ऑशिनोग्राफी एंड मीटिओरोलॉजी, भारतीय नौसेना के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- विद्युत क्षेत्र के लिए अनुकूलित सेवाओं के विकास के लिए आईएमडी और पावर सिस्टम ऑपरेशन कोऑपरेशन (पोसोको) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

निर्णय/अनुमोदन की आवश्यकता वाला कोई भी मामला मंत्रिमंडल के समक्ष लंबित नहीं था।

न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन;

- किसान पोर्टल और सरकारी निजी सहभागिता मोड के माध्यम से देश में एस.एम.एस और आईवीआर प्रौद्योगिकी के जरिए उपयोक्ता समुदायों के लिए एग्रोमेट परामर्शिकाओं का प्रसारण जारी है। वर्तमान में, देश में लगभग 28.78 मिलियन किसान सीधे तौर पर एस.एम.एस के जरिए एग्रोमेंट परामर्शिकांए प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य सरकार के अधिकारियों/ आपदा संबंधी अधिकारियों/केंद्र सरकार के संगठनों/जन सामान्य को मोबाइल के माध्यम से प्रतिकूल मौसम के बारे में एसएमएस से चेतावनियां भेजी जा रही हैं।
- राज्य प्राधिकरणों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया सहित सभी प्रयोक्ताओं को ई-मेल के माध्यम से कई शहरों के लिए चेतावनी और शहर पूर्वानुमान के साथ-साथ दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित किये जाते हैं।

**वायु मंडलीय प्रेक्षण प्रणाली नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक चालू किए गए | महीने के दौरान स्थापित। | डेटा रिपोर्टिंग। |
|---|---|---|---|
| स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) | *427<br>(775-348) | 48 | 427 |
| स्वचालित वर्षा मापक (ARG) | 599**<br>(1382-783) | -- | 599 |
| एग्रो एडब्ल्यूएस | 200 | -- | 191 |
| जीपीएस सोंडे आधारित आरएस/आरडब्ल्यू (रेडियो सोंडे/रेडियों वायु) स्टेशन | 56 | -- | 56 |
| डॉपलर मौसम रडार | *** 32 | -- | 22 |
| ओजोन (ओजोन सोंदे+कुल ओजोन) | 04 | -- | 04 |
| सतह ओजोन (विद्युत-रासायनिक सांद्रता सेल विधि) | 07 | -- | 05 |
| नेफेलोमीटर | 12 | -- | 09 |
| स्काई रेडियोमीटर | 20 | -- | 13 |
| ब्लैक कार्बन मॉनिटरिंग सिस्टम (अथैलोमीटर) | 25 | -- | 15 |
| वायुगुणवत्ता निगरानी प्रणाली (सफर) | 10 (दिल्ली)<br>10 (मुंबई)<br>10 (अहमदाबाद) | -- | 09(दिल्ली)<br>शून्य (मुंबई)****<br>10(अहमदाबाद) |
| हाइड्रोमैट (भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं एडब्ल्यूएस एवं एआरजी को छोडकर अन्य विभाग | --- | -- | 3054 |
| विमानन | 79 | -- | 79 |
| रेडिएशन स्टेशन | 46 | --- | 46 |

*कुल 775 में से 348 पुराने हैं।
**कुल 1382 में से 783 पुराने हैं।
***भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के दो डॉप्लर मौसम रडारों सहित।
**** फर्म के साथ अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

**मॉडलिंग**
जून, 2022 के दौरान, हर सप्ताह गुरुवार को, बारिश, सतह के तापमान और हवाओं (पूर्ण क्षेत्रों और विसंगतियों) के लिए चार सप्ताह के लिए राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, युग्मित मॉडल आधारित विस्तृत पूर्वानुमान (ईआरपी) (i) आईएमडी के दीर्घ अवधि के पूर्वानुमान और कृषि-मौसम प्रभाग, (ii) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ईआरपी समूह, (iii) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), (iv) डिफेंस जियो-इनफोर्मेटिक्स रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (DGRE), (v) भारतीय वायु सेना (IAF), (vi) भारतीय नौसेना, (vii) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI), (viii) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (NIH), (ix) आईएमडी के सभी प्रादेशिक केंद्र और (x) बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के मौसम विभागों को रियल टाइम में प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त, हिमपात के पूर्वानुमान डीआरडीओ तथा भारतीय वायु सेना को उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए गए।

**मासिक मौसम सारांश (जून 2022)**

**क) माह के दौरान मौसम की महत्वपूर्ण घटनाएं**

निम्न दबाव प्रणालियां: कई दिनों तक मैदानी इलाकों में समुद्र के औसत स्तर पर एक पूर्व-पश्चिम ट्रफ, निचले क्षोभमंडल स्तरों में पश्चिमी हवाओं में चक्रवाती परिसंचरण/ट्रफ और बंगाल की खाड़ी से मजबूत दक्षिण पश्चिमी हवाओं/दक्षिणी हवाओं के अभिसरण के कारण क्षेत्र में नमी अति व्यापक हो गई जिसके कारण देश भर में व्यापक वर्षा / गर्ज के साथ तूफान की घटनाएं हुई। अपतटीय ट्रफ और पश्चिमी तट के सामांतर मानसूनी पछुआ हवाओं के अभिसरण के प्रभाव में, देश भर में व्यापक से व्यापक वर्षा / गरज के साथ तूफान की गतिविधि हुई।

उत्तर कोंकण-दक्षिण गुजरात तटों से पूर्व मध्य और उससे सटे पूर्वोत्तर अरब सागर के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया था, जिससे कोंकण और गोवा और गुजरात राज्य में व्यापक वर्षा / गरज के साथ तूफान की घटनाएं हुई।

माह के दौरान लगभग पांच पश्चिमी विक्षोभों ने उत्तर पश्चिमी भारत को प्रभावित किया था, जिससे पश्चिमी हिमालय, पंजाब हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, चंडीगढ़ और दिल्ली, जम्मू कश्मीर और लद्दाख, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में व्यापक से व्यापक वर्षा / गरज के साथ तूफान की घटना हुई थी। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र ओलावृष्टि की घटना भी हुई।

**ख) वर्षा परिदृश्य:** जून, 2022 माह में, पूरे देश में 152.3 मिमी. वर्षा दर्ज की गई जो इसके दीर्घावधि औसत (LPA) 165.3 मिमी. का 92% है।

**ग) भारी वर्षा की घटनायें:**

| समयावधि जिसके लिए चेतावनी जारी की गई | भारी / बहुत भारी वर्षा की घटनाओं की संख्या (> 64.4 मिमी): 330 |
|---|---|
| | 64.4 मिमी से अधिक वर्षा के लिए प्रतिशत सुधार (% में) |
| दिन 1/24 घंटे। | 78 |
| दिन 2/48 घंटे | 77 |
| दिन 3/72 घंटे। | 76 |

**घ) तापमान परिदृश्य:**
जून, 2022 माह में देश में समग्र रूप से औसत तापमान 29.62 डिग्री सेल्सियस था, जो कि सामान्य तापमान से +0.37 डिग्री सेल्सियस अधिक था। माह के दौरान देश के मैदानी इलाकों में 4 जून , 2022 को गंगा नगर (पश्चिमी राजस्थान) में अधिकतम तापमान 47.5$^0$C दर्ज किया गया और 24 जून, 2022 को खारगोन(पश्चिमी मध्य प्रदेश) में निम्नतम न्यूनतम तापमान 16.8$^0$C दर्ज किया गया।

**ङ) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं:** माह के दौरान (माह की अंतिम तिथि को भारतीय मानक समय 08: 30 तक) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं नीचे तालिका में दी गई हैं:

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | गरजने की घटनाएँ | ओलावृष्टि की घटनाएं | धूल भरी आंधी | झोंकेदार हवाएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 12 | 2 | 0 | 4 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 6 | 2 | 1 | 2 |
| 5 | बिहार | 10 | 4 | 3 | 5 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 6 | 1 | 2 | 1 |
| 8 | दादर और नागर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 10 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | गुजरात | 16 | 4 | 3 | 9 |
| 12 | हरियाणा | 12 | 5 | 8 | 10 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | झारखंड | 2 | 0 | 0 | 4 |
| 16 | कर्नाटक | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 17 | केरल | 2 | 0 | 0 | 3 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 1 | 2 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप समूह | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 15 | 7 | 9 | 6 |
| 21 | महाराष्ट्र | 35 | 15 | 8 | 19 |
| 22 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | मेघालय | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | नागालैंड | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 6 | 6 | 0 | 3 |
| 27 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | पंजाब | 8 | 6 | 5 | 5 |
| 29 | राजस्थान | 13 | 7 | 18 | 10 |
| 30 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 3 | 0 | 0 | 1 |
| 32 | तेलंगाना | 9 | 6 | 4 | 2 |
| 33 | त्रिपुरा | 2 | 0 | 0 | 1 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 16 | 6 | 11 | 12 |
| 35 | उत्तराखंड | 3 | 1 | 0 | 1 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 11 | 3 | 0 | 5 |

**जारी किए गए बुलेटिन/ चेतावनियां /प्रेस विज्ञप्तियां:**

अखिल भारतीय मौसम बुलेटिन- 120 , अखिल भारतीय मौसम अनुमान और प्रतिकूल मौसम चेतावनियां- 120, अखिल भारतीय साप्ताहिक मौसम रिपोर्टें-5, दक्षिण पश्चिम मानसून 2022 के लिए विशेष दैनिक मौसम रिपोर्ट-30, वर्तमान मौसम की स्थिति और अगले दो सप्ताह के लिए आउटलुक:- 5, चक्रवात उत्पत्ति के लिए विस्तारित अवधि आउटलुक:- 5, पश्चिमी और मध्य हिमालयी क्षेत्र के लिए जारी पर्वत मौसम बुलेटिन- 60, माउंट अबी गामिन शिखर के अभियान के

दौरान आईटीबीपी के लिए जारी किए गए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन:-2, माउंट शिगरी पर्वत के अभियान के दौरान नौसेना के लिए जारी अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन:- 11, माउंट श्रीकांत शिखर के अभियान के दौरान आईएमएफ के लिए जारी अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन:- 6 माउंट ब्लैक पीक के अभियान के दौरान आईएमएफ के लिए जारी किए गए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन:-2, माउंट नन चोटी अभियान के दौरान जम्मू-कश्मीर राइफल्स (भारतीय सेना) के लिए जारी किए गए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन:-30, भारत के लिए जारी की गई लू की चेतावनियां:-30, समुद्री मौसम बुलेटिन:-60, FDP स्टॉर्म बुलेटिन जारी किया गया -30, प्रतिकूल मौसम के लिए नाउकास्ट दिशानिर्देश बुलेटिन-30, माह के दौरान जारी कुल प्रेस विज्ञप्तियां-37

**प्रकाशन और प्रचालन रिपोर्टें :**

i) जून 2022 माह के लिए अन नीनो - दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) बुलेटिन तथा जून से सितंबर 2022 तक की अवधि के लिए दक्षिण एशिया हेतु मौसमी जलवायु आउटलुक जारी किए गए (त्वरित लिंक: www.imdpune.gov.in/Clim_Pred_LRF_New/Products.html)

ii) मई 2022 माह के लिए मासिक जलवायु सारांश प्रकाशित किया गया और वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

iii) प्री-मानसून सीजन 2022 के लिए जलवायु सारांश प्रकाशित किया गया और वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

iv) 4 साप्ताहिक, 1, 2, 3 एवं 4 मासिक समय पैमाने पर 0.5*0.5 डिग्री विभेदन पर ग्रिडेड मानकीकृत वर्षा सूचकांक (SPI) तथा मानकीकृत वर्षा इवैपोट्रांसपासयरेशन सूचकांक (SPEI) की गणना की गई। आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर साप्ताहिक आधार पर उपर्युक्त समय-पैमाने के मानचित्र अपलोड किए गए।

v) दिनांक 01.06.2022, 08.06.2022, 15.06.2022, 22.06.2022 तथा 29.06.2022 को समाप्त सप्ताहों के लिए चार साप्ताहिक संचयी मानकीकृत वर्षा सूचकांक (एसपीआई) मानचित्र तैयार किए गए और कृषि मौसम परामर्शी सेवा बुलेटिन में उपयोग के लिए भेजे गए। इन्हें आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

vi) भारत के जलवायु नैदानिक बुलेटिन में उपयोग के लिए मई 2022 को समाप्त माह के लिए मासिक और संचयी मानकीकृत वर्षा सूचकांक (एसपीआई) मानचित्र तैयार किए गए । इन्हें आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

vii) 26 मई से लेकर 01 जून तक, 02 जून से 08 जून तक, 09 जून से 15 जून तक और 16 जून से 22 जून और 23 से 29 जून 2022 तक की अवधि के लिए पाँच साप्ताहिक शुष्कता विसंगति मानचित्र तैयार किए गए और इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया। और कृषि मौसम परामर्शी सेवाओं के लिए एग्रीमेट भेजे गए।

viii) 19 मई से 01 जून तक, 26 मई से 08 जून , 02 से 15 तक, 09 से 22 और 16 से 29 जून 2022 तक की अवधि के लिए पाँच द्विसाप्ताहिक शुष्कता विसंगति मानचित्र तैयार किए गए। इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

ix) दिनांक 02 से 08, 09 से 15, 16 से 22, 23 से 29 जून तथा 30 जून से 06 जुलाई 2022 तक की अवधि के लिए पाँच साप्ताहिक शुष्कता विसंगति आउटलुक मानचित्र तैयार किए गए और इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

x) चक्रवात चेतावनी प्रभाग ने ट्रॉपिकल साइक्लोन ऑपरेशनल प्लान (TCP-21) संस्करण 2021 तैयार किया और इसे प्रकाशन के लिए WMO को भेजा। यह आरएसएमसी की वेबसाइट https://rsmcnewdelhi.imd.gov.in/uploads/report/28/28_06dbff_TCP21_Edition%202021.pdf पर भी उपलब्ध है।

xi) चक्रवात चेतावनी प्रभाग ने मौसम संबंधी प्रेक्षण, मॉडलिंग, चेतावनी प्रसार तंत्र, चक्रवात चेतावनी सेवाएं, जल विज्ञान, आपदा जोखिम में कमी, अनुसंधान और प्रशिक्षण सहित विभिन्न घटकों पर अद्यतन सहित भारत देश की रिपोर्ट तैयार की। भारत देश की रिपोर्ट WMO को भेजी गई और 27-30 जून, 2022 के बीच पीटीसी-49 बैठक के दौरान भी प्रस्तुत की गई।

**भूकंप विज्ञानीय प्रेक्षण नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | लक्ष्य | चालू किए गए | माह के दौरान डेटा रिपोर्टिंग |
|---|---|---|---|
| भूकंप पूर्वानुमान केन्द्र | 115 | 152 | 131 |

**भूकंप और सुनामी की निगरानी**
भूकंप: भारतीय क्षेत्र में 130 भूकंपों की निगरानी की गई, जिसमें से 14 भूकंपों की तीव्रता 5.0 से अधिक थी।
**सुनामी:** सुनामी उत्पन्न कर सकने की क्षमता वाले 1 समुद्र तलीय भूकंप (6 से अधिक तीव्रता वाले) आए। इन सभी भूकंपों की सूचना घटना के होने के 12 मिनट से भी कम समय में प्रदान की गई।

**समुद्र प्रेक्षण प्रणाली**

| प्लेटफॉर्म का प्रकार | लक्ष्य | जून, 2022 तक चालू किए गए | जून, 2022 के दौरान प्राप्त डेटा |
|---|---|---|---|
| अर्गो फ्लोट्स* | 200 | 374 | 61 |
| मूरेड बुवॉय | 16 | 19 | 13 |
| टाइड गेज | 36 | 36 | 32 |
| उच्च आवृत्ति (HF) राडार | 10 | 12 | 8 |
| एकाउस्टिक डॉपलर करेंट प्रोफाइलर (ADCP) | 20 | 20 | 17 |
| सुनामी बुवॉय | 4 | 7 | 3 |
| वेव राइडर बुवॉय | 23 | 16 | 11 |

*शेष फ्लोट्स / ड्रिफ्टर्स ने अपना जीवन काल पूरा कर लिया, इसलिए उनसे कोई डेटा नहीं प्राप्त किया जा सकता।

**समुद्र विज्ञान सेवाएँ**

| संख्या | पूर्वानुमानों के प्रकार | महीने के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एकीकृत संभावित मत्स्यन क्षेत्र (PFZ) परामर्शिका (सी सर्फेस टेम्परेचर (SST), क्लोरोफिल, विंड)। | 15 |
| 2. | टूना मछली पकड़ने की परामर्शिकाएं | 2 |
| 3. | समुद्री दशा का पूर्वानुमान (OSF) लहर, पवन, धाराएं, एसएसटी (समुद्र सतह का तापमान), MLD (मिश्रित परत की गहराई)और D20 पूर्वानुमान | 30 |
| 4. | रियल टाइम वैश्विक समुद्र विश्लेषण (दैनिक) | 30 |
| 5. | कोरल विरंजन चेतावनी प्रणाली | 11 |

**आउटरीच एवं जागरुकता**

- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय एवं उनके संस्थानों ने 8 जून 2022 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा मान्यता प्राप्त विश्व महासागर दिवस मनाया। इंकॉइस ने 8 जून 2022 को ओपेन डे के रूप में विश्व महासागर दिवस मनाया। इसके अंग के रूप में, हैदराबाद के विभिन्न विद्यालयों / अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के पांच सौ से अधिक (500+) विद्याथियों ने इंकॉइस के केन्द्रों एवं विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया और इंकॉइस के वैज्ञानिकों के साथ संवाद किया। NCCR ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका नाम था - "महासागर तल में एवं समुद्र तटों पर समुद्री कचरा - विद्यार्थियों एवं मत्स्यपालक समुदाय को शिक्षित करना एवं उनसे जुड़ना"। स्थानीय समुदाय एवं विद्यार्थियों के साथ एक संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें समुद्री कचरे से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। सहभागियों को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित किए जा रहे लाइव कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा इसके संस्थानों ने दिनांक 5 जून 2022 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इंकॉइस ने 5 जून 2022 को ओपेन डे के रूप में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इसके हिस्से के रूप में विभिन्न महाविद्यालयों, विद्यालयों के तीन सौ (300) से अधिक विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों ने इंकॉइस के केन्द्रों एवं विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया और इंकॉइस के वैज्ञानिकों के साथ संवाद किया। CMLRE ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समुद्री स्तनपायी निगरानी कार्यक्रम आयोजित किया। नौकाविहार में तीन विद्यालयों के 60 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।
- आईटीसीओशन / इंकॉइस ने दिनांक 13-14 जून 2022 के दौरान महानिदेशक-हाइड्रोकार्बन निदेशालय (DG-HC) के दस (10) अधिकारियों हेतु "प्रचालनात्मक समुद्र विज्ञान, समुद्री मौसम विज्ञान तथा प्रचालनात्मक समुद्री पूर्वानुमान, अपतटीय अन्वेषण एवं उत्पादन उद्योगों हेतु चेतावनी एवं परामर्श सेवाएं" सम्बन्धी दो दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किया।

- इंकॉइस ने अमृत विश्व विद्यापीठम के साथ समन्वयन में दिनांक 9 जून 2022 को अमृतपुरी, कोल्लम जिला, केरल में अलप्पड़ समुदाय हेतु IOC-UNESCO सुनामी तैयारी स्टार्ट-अप कार्यक्रम संचालित किया।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय एवं इसके संस्थानों ने माह जून 2022 के दौरान अपने कर्मचारियों के लाभ हेतु "मानवता हेतु योग" थीम पर एक योग शिविर आयोजित किया और अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का समारोह मनाया।
- 9 जून 2022 को इंकॉइस ने एक्सटेंशन एजूकेशन इंस्टीट्यूट (EEI), हैदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पैतीस (35) अधिकारियों की मेजबानी की, तथा उन्हें इंकॉइस सेवाओं एवं गतिविधियों समेत PFZ सुनामी पूर्व चेतावनी केंद्र तथा औशनसैट ग्राउंड स्टेशन के बारे में संक्षेप में जानकारी दी।
- दिनांक 18 जून, 2022 को सीआरवी सागर अन्वेषिका पर मौजूद जलरासायनिकी विभाग, CUSAT, कोची के शोध-प्रबंध विद्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण संचालित किया। CTD, निस्किन के सैम्पलर, तथा वैन वीन ग्रैब के ऑपरेशन का प्रदर्शन किया गया।
- भारत-नॉर्वे, सहयोगपूर्ण कार्यक्रम के अंग के रूप में दिनांक 17 जून 2022 को "समुद्री स्थानिक नियोजन के संबंध में समुद्री शैवाल एवं ब्ल्यू फॉरेस्ट" पर एक वेबिनार संचालित किया।
- IITM ने जून 2022 से अपनी वार्षिकमॉनसून चर्चा संगोष्ठी आरंभ की। शृंखला की प्रथम संगोष्ठी दिनांक 30 जून 2022 को आयोजित की गई, जिसमें चर्चा का मुख्य विषय "मॉनसून-2022" था।
- CCCR के वैज्ञानिकों ने दिनांक 6 जून 2022 को केरल सरकार विधानसभा परिसर, तिरुवनंतपुरम में केरल विधानसभा एवं यूनिसेफ के सहयोग से क्लाइमेट असेंबली फॉर चिल्ड्रेन एंड यूथ - केरल का सह-आयोजन किया।
- भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है, तथा इस समारोह के अंग के रूप में जून 2022 माह के दौरान वर्चुअल व्याख्यान शृंखला आयोजित की गई।
- दिनांक 6 जून 2022 को 105 विद्यार्थियों ने हाई एल्टीट्यूड क्लाउड फिजिक्स लैबोरेटरी (HACPL) का दौरा किया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक इस महीने के दौरान विभिन्न लाइव इंटरव्यू एवं टीवी शो में शामिल हुए।
- "खुशहाल जीवन के लिए आवश्यक है मौसम का पूर्वानुमान" विषय पर भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय मोहापात्रा का एक विशेष साक्षात्कार सीएसआईआर जुलाई मासिक अंक में प्रकाशित किया गया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं आईएमडी वेबसाइट के माध्यम से मौसम पूर्वानुमान सम्बन्धी लगभग 5 मिनट की अवधि के वीडियो हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में प्रतिदिन जारी किए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वेबसाइट एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को विस्तृत अवधि पूर्वानुमान (दो सप्ताह तक का) सम्बन्धी साप्ताहिक वीडियो जारी किया जाता है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से पूर्वानुमान वीडियो क्षेत्रीय भाषाओं में जारी किए गए थे।
- ग्राफिक युक्त बुलेटिन एवं चेतावनी सोशल मीडिया समेत फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राफ, यूट्यूब एवं आईएमडी ब्लॉग पेज के माध्यम से भी जारी किए गए।

**प्रकाशन**

| विषय | प्रकाशन | | | पीएचडी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल, 2022 – मई, 2022 | जून, 2022 | कुल | अप्रैल, 2022 – मई, 2022 | जून, 2022 | कुल |
| वायुमण्डलीय विज्ञान | 30 | 16 | | 2 | 2 | |
| समुद्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 13 | 4 | | - | | |
| ध्रुवीय विज्ञान | 10 | | | - | | |
| भूविज्ञान एवं संसाधन | 11 | 4 | | - | | |
| कुल | 64 | | | 2 | | |

**माह के दौरान समुद्री अनुसंधान पोतों का उपयोग**

| पोत | समुद्र पर दिन / उपयोग | अनुरक्षण / निरीक्षण / वैज्ञानिक लॉजिस्टिक / क्रूज तैयारी | क्रूज की संख्या |
|---|---|---|---|
| सागर निधि | 0 | 30 | 0 |
| सागर मंजूषा | 0 | 30 | 0 |
| सागर तारा | 0 | 30 | 0 |
| सागर अन्वेषिका | 3 | 27 | 1 |
| सागर कन्या | 3 | 27 | 1 |
| सागर सम्पदा | 0 | 30 | 0 |

**अनुलग्नक II**

सं. एमओईएस/20/01/2017-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोदी रोड
नई दिल्ली 110 003

दिनांक: 6 जुलाई, 2022

प्रमाण पत्र

(माह जून 2022 के लिए)

प्रमाणित किया जाता है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित सभी पदों के संबंध में विस्तृत स्थिति जून, 2022 माह के अंतिम दिन एवीएमएस पर अपडेट कर दी गई है। स्थिति का सार विवरण नीचे दिया गया है:-

(क) एवीएमएस में दर्ज किए जाने हेतु अपेक्षित पदों की कुल संख्या -13

(ख) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार भरे हुए पदों की संख्या -10

(ग) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार पूर्णत: रिक्त पदों की संख्या -02

(घ) अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के अधीन पदों की संख्या -01

(ङ) आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों की संख्या -00

(इंदिरा मूर्ति)
संयुक्त सचिव
js.moes@gov.in